कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-30/03/2024

विषयः- **27 शीशी अवैध देशी शराब (कुल 5.4 लीटर) के साथ एक अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 29.03.2024 को अवैध रुप से देशी शराब बेच रहे अभियुक्त को मछोदरी पार्क कूडाखाना से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 27 शीशी अवैध देशी शराब (कुल 5.4 लीटर) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 23/2024 धारा- 60 EX. ACT पंजीकृत कर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 29.03.2024 को अभियुक्त द्वारा अवैध रुप से देशी शराब बेचना।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त आकाश भारती के द्वारा बताया गया कि उसके पास एक झोले मे देशी शराब की शीशी है जिसको वह देशी शराब की दुकान बन्द हो जाने पर कुछ दाम बढाकर बेचता है कि तभी उसको पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. आकाश भारती पुत्र स्व0मुन्ना लाल भारती निवासी- k 51/16 मोहम्मद शहीद थाना कोतवाली जनपद वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. 27 शीशी अदद (प्रत्येक शीशी की मात्रा 200 ML) (कुल 5.4 लीटर)

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. म0उ0नि0 सुमन यादव चौकी प्रभारी अम्बियामण्डी थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 अपराजित सिंह चौहान थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 विरेन्द्र कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 विवेक कुमार राय थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।